दिनांक 9 अक्टूबर 2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने जोनवार विभागीय कार्यों की समीक्षा कर, निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने के लिए दिए निर्देश

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों के विषय में जोनवार समीक्षा बैठक निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने ली! 4 बजे से आहूत की गई बैठक में अलग-अलग जोन की बारी-बारी से समीक्षा की गई! श्री रघुवंशी ने समस्त जोन आयुक्तों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन स्तर से निगम भिलाई के विकास कार्यों के लिए स्वीकृत हुए निर्माण कार्यों में विलंब न करें ! छोटे-बड़े महत्वपूर्ण विकास कार्यों मे प्रगति लाकर शीघ्र पूर्ण कर अवगत कराने कहा गया है! स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत दिए गए मापदंडों को पूरा करने तथा सफाई अभियान चलाकर गली-मोहल्लों की नालों की सफाई , चौक चौराहों की सफाई , सड़कों की सफाई, डोर टू डोर कलेक्शन नियमित रूप से कराने के निर्देश दिए! जोन के अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए , कोविड-19, मौसमी बीमारी से बचाव कार्य के बारे में जानकारी ली और उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सफाई से संबंधित सारे कार्य समय पर हो! डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए कोई भी कोताही न बरती जाए, टेमीफास् का वितरण प्रभावित क्षेत्र के घर-घर में हो, नियमित रूप से फागिंग जारी रहे, कूलर एवं अन्य पात्र की नियमित जांच हो! विधायक एवं अन्य मद के लंबित कार्यों को लेकर भी समीक्षा की गई ! समीक्षा बैठक में अधीक्षण अभियंता सत्यैंद्र सिंह , समस्त जोन आयुक्त , कार्यपालन अभियंता , लेखा अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे!